12.00 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1976-77—Contd.

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING—contd.

MR. SPEAKER: We now take up further discussion and voting on Demand for Grants for the Ministry of Information and Broadcasting. Time allotted is six hours. Time taken is fifty five minutes. Balance of the time is five hours and five minutes.

Dr. Rudra Pratap Singh

डा० रुद्रप्रताप सिंह (बाराबंकी) : अध्यक्ष महोदय,

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : अध्यक्ष महोदय, हमने आप को लिख कर भेजा था कि पटना मे पानी का बहुत भयंकर संकट है, लोगों को पानी नही मिल रहा है. . .

अध्यक्ष महोदय : डा० रुद्र प्रतापसिंह

डा० रुद्र प्रताप सिंह : अध्यक्ष महोदय, आपने जो मुझे सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अनुदानो की मांगों पर बोलने का अवसर दिया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हू । मान्यवर, यदि हम निष्पक्ष रूप से विचार करें तो आलोच्य वर्ष मे सूचना और प्रसारण मंत्रालय के द्वारा और सूचना मंत्री जी द्वारा जिस प्रकार से कार्य किया गया है उस की जितनी सराहना की जाय वह कम है । श्रीमन् मंत्रालय की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अधिकांश विरोधी दल के नेतागण तथा सदस्यगण जब मंत्रालय की अनुदान पर अपने विचारों को प्रकट करने के लिए खड़े होते हैं तब वह सरकार की नीतियो की आलोचना करने लगते हैं और उनका ध्यान इस बात पर नही रहता कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय का उत्तरदायित्व सरकार की नीतियों ,सरकार की योजनाओं और सरकार के कार्यक्रमो को जनता तक पहुंचाने तक का ही है ।

श्रीमन् आलोच्य वर्ष मे मंत्रालय अपने दायित्व का निर्वहन कर सका है अथवा नही, यह विचारणीय बात है । उसने अपने दायित्व का पालन किया है अथवा नही इसके सम्बन्ध मे विचार करते समय यह स्वाभाविक है कि हमारा ध्यान इस ओर जाय कि हमारी सरकार की नीतिया क्या है, योजनाएं क्या है, उसके कार्यक्रम क्या है । श्रीमन्, हमारी सरकार की देश के अन्तर्गत जो नीतिया हैं जैसा कि माननीय सदन को ज्ञात है, वह नीतियां हैं लोकतन्त्र की, धर्मनिरपेक्षता की और समाजवाद की । विदेशो के साथ हमारी सरकार की नीति है मंत्री की, सद्भावना की और सहयोग की । हमे प्रसन्नता है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सरकार की जो नीतिया हैं देश के अन्तर्गत और विदेशों के साथ मे, उन नीतियो को उन योजनाओ को और कार्यक्रमो को जनता तक पहुचाने मे सफलतापूर्वक कार्य किया है ।

श्रीमन् जैसा कि माननीय सदन को ज्ञात है कि लोक सभा के 1971 के निर्वाचन के पश्चात् जिस तरह से विश्व की सर्वश्रेष्ठ नेता हमारी प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व मे एक नवीन भारत का उदय हो रहा था, उसके पश्चात् 1972 मे जो देश में और 1974 मे जो साधारण निर्वाचन हुए उससे जनता ने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व मे, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियो मे अपनी आस्था और अपना विश्वास व्यक्त किया उससे देश के अन्तर्गत और विदेशो मे जहां

[डा० रुद्र प्रताप सिंह]

भी प्रतिक्रियावादी शक्तियां थीं, दक्षिणपंथी शक्तियां थीं, उग्रवादी शक्तियां थीं, अवसरवादी, यथास्थितिवादी शक्तियां थीं, सभी शक्तियों को बेचैनी हुई, और उन्होंने एक महान् गठबन्धन किया देश के अन्दर और बाहर भी। और इस महान गठबन्धन के फलस्वरूप उन्होंने देश के अन्दर एक ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया जिस से देश की अखंडता को, प्रभुसत्ता को, देश के अन्तर्गत लोकतन्त्र को, देश की स्वतंत्रता को खतरा उत्पन्न हुआ। इतना ही नहीं हुआ, उन शक्तियों ने ऐसे भी कार्य किये कि जिस से देश के अन्दर साम्प्रदायिक सद्भावना भी समाप्त हो। साथ ही साथ उन्होने इस बात का भी प्रयास किया कि विदेशों के साथ जो मैत्रीपूर्ण संबंध हैं वह भी नष्ट हों। और इस प्रकार का जो कुचक्र उन्होने रचा, षडयन्त्र रचा, उस के कारण से देश की प्रधान मंत्री जी को देश में आपात्कालीन स्थिति की घोषणा करनी पड़ी। देश मे आपात्कालीन स्थिति की घोषणा के बाद किन कारणो से आपात्कालीन स्थिति लागू की गई इस को हमारे सूचना मंत्रालय ने बहुत अच्छे ढंग से जनता तक पहुंचाया। हम उस बात के लिये अपने मंत्री जी को बधाई देना चाहते हैं।

श्रीमन्, इसके अतिरिक्त आपात्कालीन स्थिति की घोषणा केवल इसलिये नहीं की गई थी कि हम केवल देश के अन्दर जो प्रतिक्रियावादी शक्तियां देश का वातावरण खराब करना चाहती थीं उन पर अंकुश करना चाहते थे। हमारी सरकार यह भी चाहती थी कि देश के अन्दर जो हमारी योजनायें और कार्यक्रम हैं उनका उचित ढंग से कार्यान्वयन हो सके। इसके लिये प्रधान मंत्री जी ने 20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की। हमारे सूचना मंत्रालय ने अपने विभिन्न एककों के द्वारा जनता तक 20 सूत्री कार्यक्रम को पहुंचाने का जो कार्य किया है उसकी हमें सराहना करनी चाहिये।

श्रीमन्, देश के समाचार-पत्रों ने जिस प्रकार से इधर कार्य किया उस से माननीय सदन अवगत है। इधर समाचार-पत्रों ने देश के अन्दर एक ऐसी अस्थिरता का, अराजकता का और निराशा का वातावरण पैदा करना आरम्भ कर दिया था कि जैसे सरकार की जो नीतियां हैं, कार्यक्रम हैं उन का जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। माननीय सदन इस बात से सहमत होगा कि जब देश प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व मे विश्व के समस्त देशों की श्रेणी में बहुत तीव्रता के साथ आगे बढ़ रहा हो, वैसी परिस्थिति में अगर देश के समाचार-पत्र इस प्रकार के समाचार प्रकाशित करें जिस में कि देश के अन्दर देश की प्रभुसत्ता को, देश की अखंडता को, लोकतन्त्र को और देश के अन्दर जो साम्प्रदायिक सद्भावना है, उस को खतरा पैदा हो तो निश्चित रूप से उनके ऊपर सेंसर की नीति का अपनाया जाना बहुत ही उचित और समयानुकूल था, और मैं इस बात के लिये मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं। देश के अन्दर और विदेशों के जो ऐसे संवाददाता थे जिन्होने समाचारों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने की चेष्टा की जिस से देश की प्रभुसत्ता को, भावात्मक एकता को खतरा पैदा हो सकता था, ऐसे लोगों के साथ सख्त कार्यवाही की गई।

इस के साथ ही मंत्री जी ने पिछले सत्र में जो एक आक्षेपनीय प्रकाशन निवारण अधिनियम संसद द्वारा पास कराया था, इस के लिये भी उन्हें बधाई देनी चाहिये।

श्रीमन्, फिल्में एक बहुत सशक्त माध्यम हैं हमारे जन-जीवन में फिल्मों में। नग्नता, अश्लीलता और हिंसा के सम्बन्ध में इस सदन में बारबार चिन्ता व्यक्त की गई। मैं इस बात के लिये भी मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि आलोच्य वर्ष के अन्दर जो फिल्में बनी हैं वह कुछ नई किस्म की फिल्में बनी हैं, इस बात को स्वीकार करना

होगा। एक तरह से नई दिशा मिली है, आशा की एक नई किरण दिखाई पड़ी है। हमारे फिल्मों के निर्माता मंत्री जी के नेतृत्व में देश के अन्दर नये कथानकों की खोज मे लगे हुए हैं।

हमे आशा है कि अगले वर्ष और कुछ अच्छी फिल्मे आ सकेंगी इसके साथ साथ हमारे राष्ट्रीय फिल्म समारोह, हमारे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार योजना के द्वारा जिन अच्छी फिल्मो को पुरस्कृत करने का प्रयास किया गया है, उससे भी निर्माताओ को अच्छी फिल्मे बनाने की प्रेरणा मिल रही है।

श्रीमन् मैं इस बात का अनुरोध करूंगा कि यदि हम अच्छी फिल्मो का निर्माण करना चाहते हैं तो इसके लिए एक बहुत सम्पन्न फिल्म वित्त निगम की आवश्यकता है। इस समय जो हमारा फिल्म वित्त निगम है, उसे सुदृढ किया जाय, उसे वित्तीय साधन दिये जाये। अगर हम देश मे अच्छी फिल्मो का निर्माण करना चाहते है तो इसके लिए धन का प्रावधान किया जाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए यह भी आवश्यक है कि देश मे अधिक सिनेमा घर बनाये जाये। इस सम्बन्ध मे एक ऐसी नीति बनाने की आवश्कता है जिससे देश के अन्दर अधिक से अधिक सिनेमा घर बन सकें।

मैं मंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हू कि उन्होने फिल्म पत्रिकाओ मे जो अनर्गल चित्र और समाचार छपते थे, जो कि बहुत अनुचित होते थे, उनके सम्बन्ध मे फिल्म सेंसर बोर्ड को इस बात का निर्देश दिया है कि उनकी छानबीन की जाय।

दूर दर्शन के द्वारा हमारी नीतियों को, योजनाओं को, कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाया जाता है। मुझे प्रसन्नता है कि आलोच्य वर्ष मे इस कार्य को अधिक से अधिक सुन्दर ढग से किया जा रहा है। इस बात की आवश्यकता है कि देश की, प्रदेश की और केन्द्र शासित प्रदेश की राजधानियों मे दूर दर्शन की सेवाएं उपलब्ध हों। इसके लिए धन के प्रावधान की नितान्त आवश्यकता है। इसके साथ साथ इस बात की भी आवश्यकता है कि सस्ते टेलीविजन सेट बनाये जाये जिससे जनता को वे सस्ते दामो पर सुलभ हो सके। पहली अगस्त, 1975 से 31 जुलाई, 1976 तक उपग्रह दूर दर्शन को जो योजना चलाई गई हैं, उससे कई प्रदेशो को जनता को लाभ पहुंचा है। मैं इस बात का अनुरोध करूंगा कि इस योजना को और अधिक समय के लिए बढा दिया जाय जब तक कि हम उन क्षेत्रों को दूर दर्शन की सुविधा प्रदान नही करते।

श्रीमन् आकाशवाणी के द्वारा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती है आपात्कालीन स्थिति लागू होने के पश्चात उसने बहुत ही सफलतापूर्वक सरकार की नीतियों को, योजनाओं को, कार्यक्रमो को जनता तक पहुचाने का कार्य किया है। हमारे देश के कुछ ऐसे क्षेत्र है जिनको आकाशवाणी को सुविधा प्राप्त नही है। उन्हे भी यह सुविधा प्रदान की जाये। उत्तर पूर्वी भारत के जो हमारे केन्द्र शासित क्षेत्र है, उन्हें हाई पावर रेडियो स्टेशन दिये जाये जिससे उन्हें विदेशो के समाचारो के अतिरिक्त अपने देश के समाचार मिलने का अवसर प्राप्त हो।

श्रीमन् मंत्रालय के विभिन्न एकको द्वारा, विशष कर विज्ञापन प्रचार निदेशालय द्वारा जिस प्रकार से आपातकालीन स्थिति की घोषणा के पश्चात् बीस सूत्री कार्यक्रम के सम्बन्ध में साहित्य वितरित किया गया,

[डा० रुद्र प्रताप सिंह]

वह प्रशंसा को पात्र है। इसके अतिरिक्त और भी जो एक है उन्होंने भी अपने अपने स्थान पर अपने अपने उत्तरदायित्व का बहुत अच्छे ढंग से पालन किया है ।

श्रीमन्, नवीन भारत के निर्माण की जो रोड़ को हुई है हमारा बीस सूत्री कार्यक्रम, उसको भी मंत्रालय ने जनता तक बहुत अच्छे ढंग से पहुंचाया है । उसके लिए मैं मंत्रालय को बधाई देता हूं । श्रीमन् मैं इस बात का भी अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारे युवा हृदय सम्राट श्री संजय गांधी के द्वारा जो चार सूत्री कार्यक्रम रखा गया है, जो जनता को बराबर प्रेरणा दे रहे हैं, जनता का मार्गदर्शन कर रहे है, हमें दुख है कि आकाशवाणी और टेलीविजन के द्वारा विरोधी दलों की टीका टिप्पणी के भय से उन्हें वह स्थान नहीं दिया जा रहा है जो कि उनको मिलना चाहिए ।

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA (KHAMMAN): Mr. Speaker, Sir, I rise on a point of order. As per the rules of the House, no Member can bring in the name of a person who is not persent in the House What is your ruling on this?

MR. SPEAKER: There is no point of order. The hon. member may continue his speech.

डा० रुद्र प्रताप सिंह : श्रीमन् मैं कह रहा था कि जब हमारी सरकार की नीति के अन्तर्गत कोई देश का नौजवान देश की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए कुछ करता है तो उसको आकाशवाणी के द्वारा, दूर दर्शन के द्वारा जो भी स्थान दिया जाना चाहिए, वह दिया जाय । हमारे जो युवा नेता हैं उन्हें वह स्थान नहीं दिया जा रहा है । उन्हें कम स्थान दिया जा रहा है । उन्हें अधिक स्थान दिया जाना चाहिए ।

श्रीमन् मैं बहुत अधिक समय आपका नहीं लेना चाहता । मैं केवल एक बात कह कर समाप्त करूंगा । अन्त में मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि इस माननीय सदन में, माननीय विरोधी दल के सदस्यगण, विशेष रूप से मेरे पूर्व वक्ता श्री सुरेन्द्र मोहन्ती ने जो अपने विचार प्रकट किए, और मेरे पश्चात् जो विरोधी दल के वक्ता अपना भाषण करेंगे, उनसे मेरा यह अनुरोध है कि :

मुझे क्या बताएगा दौरे जमाना
मुझे मेरी मंजिल नजर आ रही है ।

इन शब्दों के साथ मैं सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अपने सुयोग्य मंत्री जी की सराहना करता हूं और साथ ही साथ मंत्रालय की अनुदान की मांगों का हृदय से समर्थन करता हूं ।

माननीय सदस्य अगर जानना चाहें तो मैं उनकी जानकारी के लिए एक बात बता दूं । जब वह अपना भाषण करें तो इस बात का ध्यान रखें कि यह आवश्यक नहीं कि हम जीवन भर माननीय सदस्य के सदन रहें मगर जो कुछ हम यहां पर बोलते हैं वह सदैव इस माननीय सदन की स्मृति में रहेगा । इसलिए बोलते समय इस बात का ध्यान अवश्य ही रखें कि हम जो कुछ बोल रहे हैं, वह इस सदन की सामग्री होगा ।

इन शब्दों के साथ मैं अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं ।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Burdwan): Mr. Speaker, Sir, Shri Rudra Pratap Singh just now said something about the speakers who are to follow him. I do not know why he should worry about it because nothing we say will go out, nothing will be published. We know what happened to the speech of Mr. Surendra Mohanty delivered yesterday. In today's

papers there is no mention of it. Only in one or two papers it has been said that he also spoke. I do not grudge Mr. Patil getting good publicity for eulogizing the role of the Information and Broadcasting Ministry, but at least think of the Opposition parties. They have some role to play to the country and to the people. Therefore, my hon. friend need not have any apprehension about the role of the Opposition I say that the Opposition—at least my party—has been playing a very constructive role. There is not a single incident which could be cited against us.

So far as the present discussion on the grants of this Ministry is concerned, I say, Sir, that the functioning of this Ministry during the year under review provides—according to me—the most inglorious chapter of the functioning of the Government since Independence and it has been proved that this Government only pays lip sympathy to the Constitution and the parliamentary system of Government and parliamentary democracy and the rights of the people Mr. Shukla—we have personal regards for him—will have the unenviable distinction of master-minding, in the company of some more eminent and some less eminent persons, the annihilation of and giving an indecent burial to, some of the basic concepts of free people in this country. What we call the freedom of thought, the freedom of speech and the freedom of expression have become his victims. The record of this Ministry for the year under review is the record of partisan propoganda and censorship, of false calumny against the political opponents of the ruling party and of sickening eulogies of some of their leaders including those unelected and officially glorified, of suppressing truth and encouraging make-believes.

This Ministry know as the I&B Ministry has according to me, turned out to be the Ministry of Inexactitude and Brow-beating and it functions, as we can see, only as the publicity wing of the ruling party in this country through the simple means of censorship which is applied indiscriminately, and comprehensively also, against all except the ruling party and its members. This Ministry has, by and large, achieved its present purpose of doing away with the freedom of the press in this country.

With your permission, I will quote a very well-known author on political science and constitutional government. I am quoting from Prof. Friendrich, an American author who has written a book *Constitutional Government and Democracy*, where he has said:

> "Actually, the emergence of constitutional government and in particular, the crystalisation of the systems of popular representation are inextricably interwoven with the growth of the modern press, Without it, constitutional Government is unimaginable".

We have felt, and we believe, that freedom of the press is the cornerstone of democracy and a free press is a symbol of democratic virtue.

With your permission, I will quote from some of the observations of some very eminent judges of this country. Chief Justice Patanjali Sastri said in 1952:

> "Freedom of speech and of the press lay at the foundation of all democratic organisations, for without free political discussion, no public education, so essential for the proper functioning of the processes of popular government is possible".

He said this in the well-known Express Newspapers case. Then Justice Bhagawati (a former Judge) said in the Express Newspapers case speaking for the Supreme Court:

> "Freedom of speech and expression includes freedom of propagation of ideas and the liberty of the press is an essential pa[illegible]

[Shri Somnath Chatterjee]

right to freedom of speech and expression".

Our present Chief Justice, who was given this post after superseding a number of Judges, said this....

SHRI SATYENDRA NARAYAN SINHA (Aurangabad): Before the superssion of after?

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: Before for your information. He said this:

"It is indisputable that by freedom of press is meant the right of all citizens to speak, publish and express their views. The freedom of the press embodies the right of the people to write. The freedom of the press is not antithetical to the right of the people to speak and express.

"This court has established freedom of the press to speak and express. That freedom cannot be abriged and taken away by any manner except as provided in art. 19 (2) of the Constitution".

Some of the restraints that have now been imposed would have been *ultra vires* the Constitution but for the suspension of all fundamental rights in this country.

Chief Justice Ray went on to say:

"It is appropriate to refer to what William Blackstone said in his Commentaries"—then quotes Blackstone:

"Every free man has an undoubted right to lay what sentiments he pleases before the public; to forbid this is to destroy the freedom of the press; but if he publishes what is improper, mischevious or illegal, he must take the consequences of his own temerity. The faith of a citizen is that political wisdom and virtue will sustain themselves in the free market of ideas so long as the channels of communication are left open. The faith in the popular government rests in the old dictum 'let the people have the truth and the freedom to discuss it and all will go well'. The liberty of the press remains an 'ark of the Covenant' in every democracy".

Shri Gujral had said that freedom of the press was a commitment of this Government. Now they have repudiated it.

With your permission, I will now quote not a learned judge but a great, distinguished stateman of this country:

"To my mind, the freedom of the press is not just a slogan from the larger point of view but it is an essential attribute of the democratic process. I have no doubt that even if the Government dislikes the liberties taken by the press and considers them dangerous, it is wrong to interfere with the freedom of the press. By imposing restriction, you do not change anything; you merely suppress public manifestation of certain things thereby causing the idea underlying that to spread further. There-I would rather have a completely free Press with all the dangers involved in the wrong use of the freedom than suppressed or regulated press."

Thus said Jawaharlal Nehru. I found yesterday that he was being quoted by our Labour Minister very frequently. They quote Pandit Nehru when it suits them. When we try to get some inspiration from Nehru's sayings or writings, then only it becomes out of context.

I know the Minister will give the usual worn out reply that the newspapers were supposedly abusing the licence. It is easy to give the dog a bad name and hang it. But I am challenging this government: instead of indulging in vague accusations and generalisations,

bring out the materials before the people and take people into confidence and tell them what they have done to merit this all-comprehensive censorship regulation which has completely throttled the voice of the people and voice of the Press. The Prime Minister has said yesterday, it has appeared in today's Statesman. "For years government had been tolerant and put up with the criticsm of the newspapers but then they seemed to turn against the country itself at a moment when we have been facing economic difficulties; what they set about doing would have weakened the whole structure ." Now the justification offered is economic difficulty'. From the events of June 1975 one understands what she means by turning 'against the country' because the country, according to the ruling party, is their leader. I should like to know from the hon. Minister how economic difficulties have been overcome by Press censorship. How are you solving the economic problems by throttling the voice of the people, and of the Press? I cannot imagine what is the *modus operandi* they seek to follow for the purpose of goading the country to economic progress? The reason is this. They would not have suppressed all kinds of publications, had they not been afraid of the people. They have suppressed the news of the arrest of the leaders—is it for the purpose of economic development? They have suppressed the proceedings of courts. Is that also for economic development of the country? The speeches of the Members of Parliament have been suppressed. Is it for economic development of the country? News of everything said or done by anybody else except their own hue is supposed to be prejudicial to the interests of the country and they have been suppressed. Is it because of the economic difficulties in the country, as the Prime Minister said yesterday?

Look at the guidelines. We have been told that censorship has been virtually withdrawn but guidelines have been imposed. May I need one of them? I have no time to read the whole of it; most of the hon. Members know them:

> "Quotations, if torn out of context and intended to mislead or convey a distorted or wrong impression, should not be published."

What I quoted today from the sayings of Jawaharlal Nehru, is it out of context? Will it be published in tomorrow's papers that Somnath Chatterjee quoted this in the House?

Another guideline says:

> "For the coverage of the news, comments or reports relating to the proceedings of Legislatures, Parliament and Court of law, the following guidelines should be kept in view· (a) The statements of Ministers may be published either in full or in a condensed form but its contents should not infringe censorship. (b) The speeches of Members of Legislatures/Parliament participating in a debate will not be publihed in any manner or form but their names and party affiliation may be mentioned (c) The results of voting on a Bill, Motion, Resolution etc may be factually reported In the event of voting the number of votes cast for and against may be mentioned ..

Please note that there should be no indication in the published material that it has been censored Printing of captions as "passed by Censors" or "passed for publication" is not permitted."

Those administrative directives were issued in July 1975. Now in January 1976 during the last session of the House, this guideline was issued:

> "Not withstanding anything contained in letter dated August 19, 1975, addressed to all accredited correspondents representing Indian news organisations and ...."

It says that all news, comments (including editorial comments), rumouror other reports relating to the

[Shri Somnath Chatterjee]

proceedings of the 15th Session of Fifth Lok Sabha, 1976 and 84th Session of the Rajya Sabha falling within the provisions of the said Statutory Order 276 (E) shall not be published scrutiny and shall not be published without permission in writing. This is *from* the *Chief* Censor of the Government of India. Therefore, it is very clear that this Government does not want anything for public consumption. Their own views should be known to the public and nct the views of others. These are the actions of a Government in panic. They are panicky because they know that their actions will not be supported by the people, if they are allowed free exercise of their rights and free voice. This Government has been returned to power with a minority vote of the total electorate, but they want to perpetuate their position by using all sorts of draconian powers and repressive measures. This Government seems to believe that they only know what is good for the people of this country. I was reading a book this moring It is one of the attributes of a high-handed Government that according to them the people are only entitled to know what they want the people to know irrespective of the considerations whether that would be good for the country or not The Government things that it is the only arbitor of the rights of the people of this country and the people themselves will have no voice.

Shri Seervai, a well-known jurist, who is not a memebr of any opposition party, nor is anti-government, has said in his well-known book 'Constitutional Laws of India'—

"It has been rightly observed that to say that a thing is constitutional is not to say that it is desirable." Therefore to say that restraints on the freedom of speech and expression are permissible under our Constitution is not to say that any particular restraint is desirable or ought to be imposed. The freedom of thought and expression and the freedom of press are not only valuable freedoms in themselves but are basic to a democratic form of Government which proceeds on the theory that problems of Government can be solved by the free exchange of thought and by public discussion. A plea for freedom of thought, speech and expression is not necessary, nor is it necessary to refer to classic pleas for the liberty of thought to show that restraint on the freedom of thought 'hinders and retards the importation of our richest Merchandise, Truth'.

The International Commission of Jurists in its Jounral has said: "It needs to emphasise that a free press which is neither directed by the Executive nor subzjected to censorship, is a vital element in a free State: in particular, a free, regularly published, political press is essential in a modern democracy. The citizen called upon to make political decisions, must be comprehensively informed, know the opinion of others, and be able to weigh them up against each other. The press keeps this dialogue alive, it provides the information, adopts its own point of view and that works as a directive giving force in the public debate It stands as a permanent means of communication and control between the people and their elected representatives in Parliament and Government."

Sir, why I am quoting all this? I am trying to say that the Judges of the Supreme Court of India, eminent Jurists, eminent public figures, great statesman like Pandit Jawaharlal Nehru, the International Commission of Jurists are all of the opinion that in a Constitutional system of Government you cannot have free people if you have denied them freedom of expression and freedom of press. Now, all these things have been repudiated by the Government and the real reason for enforcing Press Censorship followed by the abolition of the Press Council and the enactment of Parliamentary proceedings (Propagation of Publication) Repeal Bill and the Prevention of Publication of

Objectionable Matter Bill is that this Government and the Ruling party aro afraid of free people in this country. They are scared of the freedom of the people and their freedom to enjoy personal liberty.

This Government does not want scrutiny of their action either by the people or by the press or by the court because according to them, they are infallible. I believe only those want to hide facts from the people who have ugly facts to hide. Otherwise, in matters of public interests, all governmental action should be public Why do you want to hide facts from the people? They have stifled all vehicles of exchange of thought, all vehicles of expression of opinion and views and all channels of communication. If the Ruling party believes that the people are with them, why should they be afraid of the people? If they really believe that the opposition parties do not have any support amongst the people, why should they give importance to the opposition parties? Why are thev worried about the activities of the opposition parties amongst the people of this country? I submit that the Government, instead of having a dialogue with the people, has obliterated all forms of freedom—freedom of speech, freedom to organise and freedom of dissent.

If the big newspapers controlled by the monopolists have been misusing their freedom, I would like to know why the other publications are also being brought under control. Even liberary journals and small newspapers are not outside the net of censorship. Small newspapers who do not toe the line of the Government have not been spared. Literary journals have not been spared from the law of censorship. Even stage plays and dramatic performances are not permitted without clearance from the censorship authorities The country has today become a conglomeration of muted and muzzled people who cannot say anything except to drumbeat the so called achievements of the Ruling party. We ar seeing today the sickening example of officially sponsored, officially publicised and officially patronised publications and demonstrations. Today the great media of the press is being utilised as the biggest *modus operandi* for sponsoring not only particular view points but also sponsoring particular leaders.

I would like to know how the monopoly press in this country came to acquire such commanding heights except without the support of the Government and the Ruling party. We have been hearing tall talks about diffusion of ownership of the press and the delinking of the press from the big business houses But we find so long we have been taken for a ride. Mr Gujral has been repeatedly assuring the House in this regard. But there is not even a mention of it—subject to correction—in the annual report of this Ministry for this year under review I want to know what has happened to the diffusion and delinking It seems they are no longer interested in diffusion and delinking because the Ruling party had got itself linked up with the monopoly press itself. The only fusion we have found, instead of diffusion, is that of Shri Ramnath Goenka and Shri K. K. Birla in the *Indian Express*! Therefore, I would like the Minister to inform the House—his speech at least is bound to be published though not ours—what has happened to these policies of diffusion and delinking.

So far as the small newspapers and opposition party papers are concerned, although according to the Government they have removed pre-censorship, the guidelines they have laid down recently make it impossible for any effective or *bona fide* criticism being made of any governmental action.

But in the case of newspapers and journals published by our party, the Centre of Indian Trade Unions, All India Kisan Sabha etc., exception has been made and all of them are subject to pre-censorship. The Censor prevents publication in our newspapers

[Shri Somnath Chatterjee]

of even news items and comments which have been published in other newspapers. What is published, after pre-censorship, in one edition of "Deshabhimani" from Calicut or Ernakulam, is prohibited from publication by the Censor of the other edition. Items allowed to be published by the Censor in "People's Democracy", the English organ of our Central Committee is disallowed in other newspapers and journals of our party by the same or other Censors. Exception has been taken to the publication of even Gazette notifications of the Governments of West Bengal and Kerala in our newspapers! Even news items received through the teleprinter from the "Samachar" News Agency, which are sent out after censorsnip have to be submitted to the Censor, who prevents publications of many items. Even publication of the news of arrested persons is prevented.

Slanders and absolutely false statements about our party by the ruling party and their allies are freely published; but publication of any reply to those slanders and accusations are never allowed All these show that the Press is now completely at the mercy of the Government and the Censor authorities.

MR. SPEAKER: I think you should conclude now.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: Kindly give me 3 or 4 minutes more please. Now, as far as getting the clearance from the Censors is concerned, it takes hours to get the materials approved by them; and this results in delay in issues of newspapers, thus obviously affecting the circulation thereof. I would like to know from the hon. Minister how many Indian journalists have lost their accreditation—at least as far as Parliament-reporting is concerned, if at all, how many foreign journalists have been expelled, and on what charges from this country; whether facilities like telephone connections were denied to journalists, both Indian and foreign, in the country in the wake of Emergency; and how many journalists were arrested and whether they were arrested for violating the guidelines or they were arrested under MISA for some other activity. On the one hand, we find that the Government is going on with their vendetta against the newspapers. But what is happening in the *"Statesman"*? There, 18 employees have been suspended. The Minister gave an assurance on the floor of the House on 31st March that some action was going to be taken. The only crime of the employees is that they have given evidence before a fact-finding committee; for that reason, they have been suspended and are going to lose their jobs. And, after the Minister's assurance on the floor of the House, the management is expediting the enquiry against them; and the employees are likely to lose their jobs at any moment. I request the hon. Minister to look into the matter. He may also kindly tell us what is the policy of this Government so far as small newspapers are concerned especially with regard to advertisements. Mr. Patil who knows a good deal about journalism and the position of the newspapers, has himself said that a large bulk out of the money made available by the DAVP is monopolized by the *"Times of India"* group of publications. I would like to have a break-up of the advertisement expenses or the advertisement money being spent by the Government; how is it being utilized and what benefit are the small newspapers getting from out of them? You can go on multiplying the large number of publications for the 20-point programme. I am not going into it. I do not mind your utilizing the radio and the TV only for political purposes. But the other political parties and their viewpoints also must get some publicity either through the news media, television or the radio. With regard to the newsprint....

MR. SPEAKER: I think you should conclude.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: I am on the last phase of my speech, Sir.

With regard to newsprint, I am told that it is not lifted by a large number of newspapers, either because of a fall in their circulation or because of the poor quality of the newsprint. We would like to know the position from the hon. Minister, because these facts are not known to us.

I would inform the hon Minister that if you really believe that only through censorship you can take this country towards better progress, either from the economic, cultural, social or political point of view, you are suffering from an illusion You cannot go on denying the people of the ordinary rights and then think that the people will be with you.

So, I oppose the grants of the Ministry. I oppose the grants on principle, because these moneys are used for political propaganda, and not for the welfare of the people of the country.

श्री रामसहाय पाण्डे (राजनदगांव)। अध्यक्ष जी, मैं सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मंत्री जी को हृदय से बधाई देता हू। बधाई इस लिये देता हू कि उन्होने बडी कर्मनिष्ठा, विश्वास और दायित्व के साथ अपने काम को किया है और जो उपलब्धिया प्राप्त की हैं, उन के लिये वे निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं।

श्रीमन्, सब से पहली उपलब्धि विभिन्न समाचार एजेन्सियो को एक स्थान पर ला कर खड़ा करना है। मैं नई "समाचार" एजेन्सी का स्वागत करता हू। अब समाचार के लिये समाचार नही होगा, बल्कि वह समाचार होगा जो सत्यनिष्ठ होगा, जो घटनाओं से मण्डित होगा। हमारी जनता आग्रह कर रही थी कि हमे वह समाचार मिले जो घटनाओ से मण्डित हो, कन्काक्टड (बनाई हुई बातें), झूठ, क्रोध से भरा हुआ वातावरण—इन सब से प्रेरित हो कर जो समाचार छपते थे, उन से जनता ऊब चुकी थी। यह सदन गंगा की गंगोत्री के समान है, इस की पवित्रता महान है। यहां कुछ चुने हुए प्रतिनिधि आपातकालीन स्थिति के पहले जिस प्रकार सत्याग्रह, दुराग्रह, क्रोध, लांछन और आरोपो से यहाँ के वातावरण को दूषित कर रहे थे, उसे कभी भुलाया नही जा सकता, लेकिन आज हम उस वातावरण से दूर, विनोबा भावे के शब्दो और भावनाओ के अन्तर्गत अनुशासन पर्व के नीचे इस सदन की कार्यवाही को चलते देख रहे है—इस का बडा भारी प्रभाव न केवल देश मे बल्कि देश से बाहर भी पडा है।

अभी श्री सोमनाथ चैटर्जी जी साहब ने कहा—हम जनता से कुछ छिपाते हैं। यह बात सच नही है। हम जनता के पास उन्ही भावनाओं को, उन्ही शब्दो को, उन्ही सम्बन्धो को ले जाना चाहते है जिन का सचार सदन से होता है। श्रीमन्, पहले अलग अलग समाचार एजेन्सिया अलग अलग समाचार घडती थी, जिन से सारे देश मे एक ऐसा निराशापूर्ण वातावरण पैदा हो गया था, एक प्रकार का वैक्यूम पैदा हो गया था, ऐसा अनुभव होने लगा था, जैसे हम किसी अधकार मे पडे हो, किसी प्रकार की कोई आशा की किरण दिखलाई नही पड रही थी। एक ऐसी वातावरण पैदा हो गया था जो सच्चाई से दूर था, जिस का घटनाओ से सीधा सम्बन्ध नही था। यदि ऐसे समाचारो का प्रचार और प्रसार होता रहता तो फिर इस लोकतन्त्र का क्या होता? लोकतन्त्र की एक शर्त यह भी है कि जहा लोकतन्त्र हो, वहा अनुशासन भी हो। लोकतन्त्र मे वाणी स्वातन्त्र्य का यह अर्थ नहीं है कि वह गाली का स्वरूप धारण कर ले। गंगा जल का यह अर्थ नही है कि वह नाली का पानी बन जाय। शुद्धता और पवित्रता की इस सदन से जनता अपेक्षा करती है। यही उत्तर मैं श्री सोमनाथ को उन के प्रश्न के उत्तर मे देना चाहता हू।

श्री विद्याचरण शुक्ल जी ने जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं—उन में सब से पहली

[श्री राम सहाय पाण्डे]

तो यही है कि उन्होंने देश की चार समाचार एजेन्सियों को उन की अपनी इच्छा के अनुसार एक जगह पर एकत्रित कर दिया। और उन की कन्सेंट से, उन के अनुग्रह से इस एक समाचार एजेन्सी का निर्माण हुआ जिस का स्वागत होना चाहिये।

श्रीमन्, जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, कोई ऐसी समस्या नही है जिस के ऊपर इस मंत्रालय की नजर न गई हो। आकाशवाणी को लीजिये, हम उस के द्वारा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचते हैं। इस आर्थिक विकास के संदर्भ मे, जैसे ही कुछ आर्थिक विकास हुआ गाव के लोगो का, सब से पहले उस के मन मे एक जिज्ञासा होती है कि देश मे क्या हो रहा है। देश की घटनाओं के प्रति उस की जिज्ञासा देखते हुए वह ट्रांजिस्टर लेता है और जहा संगीत का रसास्वादन करता है वहा समाचारों के प्रति उस का अनुराग देख कर लगता है कि वह बड़ा जागरूक हो रहा है। इसलिये सच्चाई के साथ। घटनाओ से कडित समाचार उस तक पहुंचना यह एक जागरूकता का लक्षण है।

अभी 20 सूत्री कार्यक्रम की हमने एक रचना की। श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में 20 सूत्री कार्यक्रम की जो रचना है उस को हम जनता तक पहुंचा रहे हैं। हमे बड़ी खुशी है यह देख कर कि दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों इस कार्य को बड़ी दक्षता और कुशलता के साथ कर रहे हैं। स्टाफ आर्टिस्ट्स की भी हम धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने किसी भी प्रकार की मन में बात न रखते हुए जो सच बात थी उस को वहां तक पहुंचाने का प्रयास किया।

आखिर 20 सूत्री कार्यक्रम किस के लिये है। 12 सूत्र तो गांवों से संबंधित हैं। 8 सूत्र हैं जिन का सम्बन्ध है शहर के लोगों से। 4, 5 सूत्र-सूत्रों को ले कर श्री संजय गांधी चले, जिस के लिये श्रीमती लक्ष्मीकांतम्मा ने पॉइंट आफ आर्डर किया, जो मेरी राय में व्यर्थ था। मैं समझता हूं कि हर आदमी का दायित्व है, जो देश को आगे बढ़ाने की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ना चाहता हो, कि न मानुषा श्रेष्ठ तरोहिलांके—वह देश को अपने साथ आगे ले चले। ऐसे व्यक्ति की प्रशंसा होनी चाहिये और यह सदन प्रशंसा के लिये और अच्छे कार्य करने की सराहना के लिये है। इसलिये यदि संजय गांधी का नाम लिया गया तो समय के अनुसार है, उस का औचित्य भी सिद्ध होता है।

अभी माननीय सोम नाथ चटर्जी ने कहा कि हम छिपाते हैं। हम क्या छिपाते हैं? अभी परसों की बात है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में पद यात्रा की। हमारे साथ दो, तीन मित्र बैठे हुए टी०वी० देख रहे थे। उन्होने कहा यह कहां छिपाने की बात है, बड़ी स्वतंत्रता के साथ—न कही पुलिस थी, न सेक्योरिटी थी,—एक स्पौन्टेनियस वातावरण के साथ उन्होने अपने कर्तव्य का पालन किया जिस से प्रेरणा मिली और यह आह्वान देश भर को दिया गया, चुने हुए सदस्यों को जो जन प्रतिनिधि बनने का दावा करते हैं कि वह इस नव जागरण के साथ पैदल चले। और श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी पदयात्रा के साथ इस का श्री गणेश किया।

आपातकालीन स्थिति के पहले समाचार-पत्रों का जो दृष्टिकोण था, उन का जो व्यवहार था, जो उन का संचालन था, वह शुद्ध नहीं कहा जा सकता। उस में एक कलकालन था, आक्रोश था, घृणा थी और यह घृणा का वातावरण देश में उत्पन्न कर के वह न जाने क्या चाहते थे, मैं नहीं समझ पाया। लेकिन आपातकालीन स्थिति के साथ जैसा अनुशासन हम देख रहे हैं, जिस स्नेह से देख रहे हैं,

जिस कर्तव्य बोध को हम देख रहे हैं उससे निश्चित रूप से हम कह सकते हैं कि हमारा देश जिस मार्ग की खोज मे था वह मार्ग उस को प्राप्त हुआ। समाचार-पत्रों के प्रतिष्ठानो के सहयोगियो को भी धन्यवाद] दिया जाना चाहिये कि वह इस सूत्र मे आकर के आबद्ध हुए और एक सूत्र मे बंध कर इस देश की सेवा करेगे। विदेशी समाचारपत्रो के लोगो ने जिस प्रकार तोड़ मरोड कर यहा से समाचार भेजे है और अपनी टिप्पणीयो और सम्पादकीय लेखो से देश का गलत बाहर प्रकट किया, उन के इस कार्य की मन्त्री महोदय ने भर्त्सना की है, और श्रीमन मैं भी आप के द्वारा उन की भर्त्सना करना चाहता हू। यह उनका काम नही है कि बताए कि किस प्रकार की शासन पद्धति हमे चाहिये, किस प्रकार की विधि चाहिये, किस प्रकार की स्थिति का मुकाबला करने के लिये किस प्रकार की प्रक्रिया और शासन व्यवस्था हो, या विधि और प्रणाली बने। इस सब को देखना हमारा काम है, उन का काम नही है। श्री शुक्ल ने ठीक ऐसे विदेशी समाचार पत्रो के प्रतिनिधियो के, जो यहा से इस तरह के समाचार भेजा करने थे, जिनका मन शुद्ध नही था, विचार शुद्ध नही थे, जो अपनी इस स्वतन्त्रता का शोषण करते थे हम को बदनाम करने के लिये, खिलाफ कार्यवाई करके ठीक ही किया है। इसका औचित्य स्वय सिद्ध है। लेकिन एक निवेदन मैं करना चाहता हू। श्री शुक्ल इस बात को समझे कि अन्तर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसियो के द्वारा जो समाचारो का आदान प्रदान होता है उस मे एक बहुत बडा असन्तुलन है। हमारे यहा से पन्द्रह से बीस हजार शब्दों के संवाद यहां से बाहर जाते है और वहां से चालीस पचास हजार शब्दो के संवाद इस देश मे आते है। हम चाहते कि जब आप इतने क्रान्तिकारी कदम उठा रहे हैं और देश को आप ऊपर उठाना चाहते हैं अनुशासन के द्वारा तो आपका यह भी कर्तव्य होना चाहिये कि जिस प्रकार से आपने सब समाचार एजेंसियों को एक समाचार ऐजसी समाचार, बना दी है इसी तरह से हमारे अपने प्रतिनिधि, समाचार की एजेंसिया भी दुनिया के बडे बड़े शहरों मे हों।

दूर दर्शन के माध्यम से एक नव जागरण की दिशा में कदम उठाया है उसकी भी प्रशसा होनी चाहिये स्टाफ आर्टिस्टस ने भी जिस लगन से उस मे काम किया है और कर रहे हैं उन की प्रशसा होनी चाहिये। मैं देख रहा हू कि बीस सूत्री कार्यक्रम को जो लोकप्रियता मिल रही है और जिस निष्ठा के साथ उस को यहा पेश किया जा रहा है, जिस का सम्बन्ध गरीबी से और गरीबों से है सर्वहारा समाज से है, उन से है जो आज झुग्गियो और झोंपडियों मे रहते है इन्होने उस मे जा कर आज की स्थिति पूछा है, उन से मिले हैं और सही चित्र इन्होंने दूर दर्शन के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। 2400 गावो को आपने सैटलाइट के द्वारा जोडा है और मैंने देखा है कि इन प्रोग्राम को देखने के लिये पाच दस हजार की भीड लगी रहती है। मैंने अपने क्षेत्र के, राजनन्दगाव के एक गाव मे देखा है, वहा मैं गया था वहा सैटलाइट के द्वारा एक कहानी बताई जा रही थी मानव के उत्कर्ष की कहानी और वह बहुत ही सुन्दर ढग से पेश की गयी थी। मैंने जनता से पूछा कि आपने क्या क्या समझा और आप की क्या प्रतिक्रिया है? सभी ने इसकी प्रशसा की। आदि से अन्त तक मानव की कहानी उसे दिखाई गई थी। जंगली अवस्था, पाषाण युग, नदियो के किनारे लोगो के जा कर बसने की कहानी, खेती करने की कहानी से ले कर वर्तमान युग तक की कहानी प्रस्तुत

[श्री रामसहाय पाण्डे]

की गई थी । यह बहुत ही ज्ञानवर्धक थी । जीवन के तमाम तत्वों का बहुत ही सुन्दर ढंग से चित्रण किया गया था और लोगों के सामने उपस्थित किया गया था । ये जागरण के लक्षण हैं । इस में छिपाने वाली कोई बात नहीं है । जो सच बात है उस को छिपाते हम नहीं हैं । हम जागृति पैदा करना चाहते हैं, लोगों की संकल्प शक्ति को, उन की क्षमता को बढाना चाहते हैं ज्ञान के द्वारा ज्ञान के माध्यम से उन को बताना चाहते हैं कि जो देश के सामान्य नागरिक हैं वही इस देश के भाग्य विधाता हैं, देश का भविष्य उन के हाथ में है ।

दूर दर्शन का जहां तक सम्बन्ध है दुनिया उन्नति कर चुकी है । मैं शुक्ल जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि इसके कि इसके एपेरेटस में अगर कोई कमी है तो एक एक्सपर्ट कमेटी बिठा करके और जो कमियां है उन को वह दूर करवायें श्रव्य और दृश्य दो ऐसी चीजें है जिस से व्यक्ति प्रभावित होता है, समाज प्रभावित होता । आप बहुत से कार्यक्रम देते हैं जैसे कृषि दर्शन । इस के माध्यम से आप किसानो का ज्ञान वर्धन करते है । मैं चाहता हूं कि 2400 गांवो तक ही इसको सीमित न रखा जाय बल्कि इसको और भी फैलाया जाय, इसका और भी प्रसार किया जाय । और जो बडे बड़े गाव है उन तक इसको पहुंचाया जाय और इस काम में देर नही लगनी चाहिये । पैसे की कमी हो तो मैं समझता हू कि वित्त मत्रालय आपको उदारता से धन देगा और हम इसमे आपको समर्थन देगें । इस जन जागरण के कार्य मे, इस सकल्प की पूर्ति मे हम में जो शक्ति है वह आपको प्राप्त होगी ।

फिल्मों की ओर भी आपकी दृष्टि गई है । जब से आपने दायित्व सम्भाला है, इस ओर भी आप ने ध्यान दिया है । मारकाट, हिंसा, क्रोध घृणा, अस्वाभाविक चित्रण जो उपस्थित किया जाता था, और सैक्स आदि को ले कर जो दृश्य उपस्थित किये जाते थे उस से भी देश कमजोर हुआ । मैं चाहता हूं कि स्वस्थ चल चित्र प्रस्तुत कर ने के लिये आप कलाकारों को प्रोत्साहित करें । ऐसे नियम की भी आवश्यकता है जो ऐसे चित्रों के निर्माण में जो धन की आवश्यकता है, वह उन को सुलभ करे ।

13.00 hrs.

छोटे छोटे समाचार पत्रों के बारे मे अभी श्री चटर्जी कह रहे थे । मैं भी चाहता हूं कि छोटे छोटे समाचार पत्रों को उत्साहित और प्रोत्साहित किया जाय । विज्ञापनों की दर से अभी क्या होता है कि बड़े बड़े समाचार पत्रो के विज्ञापन वह लौटा देते हैं । उनको काफी विज्ञापन प्राप्त होते हैं । मैं समझता हूं कि छोटे पत्रों की ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये और उन की संभाल की भी आवश्यकता है ।

शक्तिशाली ट्रान्समीटर की भी बडी आवश्यकता है । हम दुनिया के बडे-बड़े देशों की वाणी सुनते है कि वहा क्या हो रहा है, उनके ब्राडकास्ट सुन लेते है, लेकिन अपने ही देश के इतर, सुदूर, कोने, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश आदि मे क्या हो रहा है, वह नही सुन पाते है । हम समझते हैं कि हाई पावर्ड ट्रान्समीटर, शक्तिशाली ट्रांसमीटर की भी हमको जरूरत है ताकि हम अपने देश की वाणी और एक दूसरे के कार्यक्रम को अदान-प्रदान कर सकें ।

20-सूत्री कार्यक्रम के प्रचार, प्रयोग, पद्धति और प्रणाली के सम्बन्ध में जो कुछ भी आपने किया है, उसके लिये मैं बहुत-

बहुत बधाई देता हूं और यह चाहता हूं कि आप सफल हों। मैं चाहता हूं कि आपका संकल्प, शक्ति, क्षमता जो कुछ भी है, जिसके द्वारा जन-जागरण का भाव आपने पैदा किया है, सचाई को निकट लाये हैं, जनता के साथ जो सान्निध्य किया है, जो पहले नहीं था, इन आपरेटसों और समाचारों के माध्यम से, इन फिल्मों और दूर दर्शन के माध्यम से और आकाशवाणी के माध्यम से, उन सब के लिये आप बधाई के पात्र हैं।

श्री मान सिंह बौरा (भटिंडा) : अध्यक्ष महोदय, आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय पर जो बहस हो रही है, मैं समझता हूं कि स मंत्रालय को जब से श्री शुक्ल जी ने संभाला है, उन्होंने इसमें सुधार के लिये काफी मेहनत की है। जिस वक्त इन्होंने इस मंत्रालय का चार्ज संभाला, उस वक्त ऐसा वातावरण चल रहा था कि हिन्दुस्तान के बहुत से प्रतिगामी लोग और वह लोग जो हिन्दुस्तान को आजाद नहीं देखना चाहते थे, उन्होंने यहां बहुत गड़बड़ मचाई हुई थी। उसके बाद कुछ कदम उठाये गये जिनको मैं समझता हूं कि कुछ ठीक भी थे। जिन खबरों के जरिये हिन्दुस्तान में गड़बड़ पैदा हुई थी मैं समझता हूं कि इन कदमों से वह ी है और जो सैंसरशिप इन्होंने लगाया था, वह कुछ तो ठीक था, मगर मैं यह नहीं समझ पाया कि जो मोनोपलिस्ट लोग पहले जयप्रकाश नारायण के पीछे थे वह ओवरनाइट कैसे इनके पास आ गये। हम देखते हैं कि अब भी छोटे और मध्यम अखबारों पर एडवरटाइजमैंट और खबरों वगैरा के बारे में उन लोगों का गलबा है।

12.01 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

जो सैंसरशिप लगाया गया था वह इसलिये था कि ऐसी खबरें न छपें जो हिन्दुस्तान में नुकसानदेह हों और प्रोग्रामों में बाधा डालने वाली हों, लेकिन मैंने देखा है कि 20 सूत्री प्रोग्राम को लागू करने वाली खबरों पर भी इसको वे कर्टेल्मेंट कर दिया गया है।

मैं आपको मिसाल दे सकता हूं। यहां सैंटर में जो खबरें छपती हैं अगर वहीं खबरें पंजाब में अखबार वाले छापना चाहते है तो वहां का सैंसर उनको काट देता है। आप हरियाणा, पंजाब में कहीं भी चले जाइये वहां जो सैंसर का अफसर बैठा होता है वह जो चाहता है वही करता है।

मैंने यह भी देखा है कि जो मच्छर मारने की मुहिम है, उसमें भी कहा जाता है कि मुहिम को काट दिया जाये। वह समझते हैं कि कंपेन की कोई भी बात न छपे। इस तरह की और बहुत सारी मिसालें हमारे सामने हैं।

मैं यह समझता हूं कि यह बहुत जरूरी है कि जिसको भी आप सैंसर बनाकर बिठायें उसके दिमाग में यह जरूर होना चाहिये कि उसको क्या करवाना है, उसको साफ मालूम होना चाहिये कि प्रोग्राम क्या है। जो लोग पहले उलट विचारधारा के थे, उनको अगर सैंसरशिप पर बैठायेंगे तो वह कैसे प्रोग्राम को इम्पलीमैंट करवायेंगे, यह बात समझ में नहीं आती है। पंजाब सरकार के सम्बन्ध में मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि जो भी वहां सैंसर करने के लिये अफसर हो, उसको चाहिये कि वह कम से कम क्लीयर करे कि क्या करना चाहते हैं।

[श्री मान सिंह औरा]

किसी प्रोग्राम या स्कीम को इम्प्लीमेंट करने के बारे में जो क्रिटिसिज्म हुआ है, उस को नहीं छापने दिया जाता है। मिसाल के तौर पर एक डिपुटी कमिश्नर कहता है कि इस डिस्ट्रिक्ट में हम ने 30,000 मकानों के लिये जगह दे दी है। मैं एम० पी० हूं ; मैं वैरिफाई कर के कहता हूं कि उस ने गलत बात कही है ; 30,000 मकान क्या, 3,000 मकानों के लिये भी जगह नहीं दी गई है। मैं गांव गांव घूमता हूं, मैं कहता हूं कि मेरे साथ चल कर देखें । लेकिन मेरी बात नहीं छापी जायेगी। सेंसर की नजर में डिपुटी कमिश्नर की बात ठीक है, और इस लिए उस ने जो ज्यादा फिगर दी है, उसी को छापा जायेगा। यह जरूरी है कि इस तरफ ध्यान दिया जाये।

कुछ लोग सेंसर को परवाह नहीं कर रहे हैं। मैं आप को एक मिसाल देना चाहता हूं। इलस्ट्रेटिड वीकली आफ इंडिया में एक आर्टिकल छपा है "व्हाट इज हैपनिंग इन बंगलादेश"। शायद आप ने उस को पढ़ा होगा। समझ में नहीं आता है कि यह आर्टिकल कैसे छपने दिया गया है । यह आर्टिकल हमारे मुल्क के इन्ट्रेस्ट के खिलाफ है, सरकार की गाइडलाइन्ज के खिलाफ है। मैं उस में से क्वोट करता हूं :

"Amongst the foreigners, Mr. Samar Sen and the US envoy, Mr. Boster, were reported to be active during the troubled days in November—visiting the Dacca Cantonment frequently. Consequently, Indian and US backing was rumoured for Brigadier Musharraf and General Rahman respectively."

मुझे पता चला है कि वीकली का एडीटर किसी मिनिस्टर की गंदी फोटो छाप कर उन को खुश कर देता और फिर वह जो चाहे लिखता है। कोई उस को पूछने वाला नहीं है मैं आप को एक मिसाल देता हूं। उस ने पंजाब में अपने एक नजदीकी रिश्तेदार को पब्लिक सर्विस कमीशन का मैम्बर बनवा दिया है। उस अफसर को सब जानते हैं। वह ऐसा अफसर था, जिस के बारे में यह समझा जाता था कि वह वक्त से पहले रिटायर कर दिया जायेगा। वह मोस्ट करप्ट आदमी था। पंजाब का बच्चा बच्चा उस को जानता है। वीकली ने चीफ मिनिस्टर की फोटो छाप दी, और उस शख्स को कमीशन का मैम्बर बना दिया गया। वीकली जो चाहे, वह लिखता है। पता नहीं उस को कैसे छपने दिया जाता है।

सरकार की पालिसी है कि दोस्त मुल्कों के खिलाफ अखबारों में कुछ न छापा जाये। आज हम देखते हैं कि बिड़ला और टाटा के मोनोपोली पेपर्ज सोवियत यूनियन के खिलाफ वैस्ट से मिली हुई खबरें और स्टोरीज छाप रहे हैं, लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहब जवाब देते हुये इस पायंट को जरूर लें कि वह इस बारे में क्या करने जा रहे हैं ?

सरकार डीलिंकिंग की बात बहुत अरसे से कह रही है। मैं तो यह समझता हूं कि सरकार इस बारे में कोई कदम नहीं उठायेगी। के० के० बिड़ला पहले हिन्दुस्तान टाइम्स का मालिक था, अब वह इण्डियन ऐक्सप्रेस का भी मालिक बन गया है। मैं यह जानना चाहता हूं कि डीलिंकिंग के बारे में फैक्ट फाइंडिंग के बारे में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने जो सिफारिश की है, क्या सरकार उस को मान रही है। इस रिपोर्ट में लिखा है :—

"....Pending the adopting and implementation of the requisite legal measures, it will be desirable to

take steps for checking the use of newspaper profits for non-newspaper purposes".

क्या सरकार ने इस बात को चैक करने के बारे में कोई कदम उठाया है ? सभी जानते हैं कि ये बड़े बड़े अखबार वाले अपने कुनबे के लोगों को बड़ी बड़ी तन्ख्वाहे देते हैं और वे मुलाजिमों की कोई परवाह नही करते हैं। 20-प्वाइंट प्रोग्राम से भी कहा गया है कि मनेजमेंट में मुलाजिमों को हिस्सा दिया जाएगा। मिनिस्टर साहब को बताना चाहिये कि क्या अखबारों के बारे में इस सिलसिले में कुछ किया गया है या नही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 20-प्वाइंट प्रोग्राम को इम्प्लीमेंट करने के लिये पैम्फलेट और पोस्टर बांटे गये हैं और डाकुमेंटरी फिल्म्ज दिखाई गई है। यह बडी अच्छी बात है। लेकिन ये डाकुमेंटरी फिल्म्ज गांवों मे नहीं दिखाई जाती है। अंग्रेजी के मेट्रोपालिटन अखबारों का सारा सर्कुलेशन 94 लाख है। 94 लाख सर्कुलेशन हमारे 60 करोड़ के मुल्क मे है और इनके जरिए आप चाहते हैं कि प्रोग्राम लोगो के पास पहुंचें तो वह पहुंचता नही है। इसमे ज्यादा गिनती तो इंग्लिश के पेपर्स की है। जो छोटे पेपर हैं या लैंग्वेज के पेपर हैं जिन के जरिये आपके प्रोग्राम लोगो तक और गांवों तक पहुंच सकते हैं वे बेचारे तो मर रहे हैं। उनको कैसे जिन्दा रखना चाहिये। इस पर भी आपको जरा ध्यान देना चाहिये।

इसी तरह ऐवर्टाइजमेंट का मामला है। मै हर रोज देखता हूं बड-बडे अखबार एडवर्टाइजमेंट से भरे रहते है। इस के लिए कोई कानून है या नही कि इस को कैसे रेगुलेट करना हैं ? ये बडे-बडे अखबार जितने हैं वे तो सारे ऐडवर्टाइजमेंट से ही भरे रहते हैं। बडे-बडे ऐडवर्टाइजमेंट्स उन मे आते हैं जो छोटे छोटे अखबार हैं वे बेचारे बुरी हालत में हैं। कोई घाटे मे चल रहे है कोई अच्छी तरह से चल नहीं पा रहे हैं। उनको चलाने के लिये आप क्या कर रहे हैं ?

आप एक तरफ तो यह कह रहे हैं कि जो हमारी पालिसी के साथ चलते हैं उनको बढ़ावा देना चाहिये। लेकिन मुझे यह पता चला है कि जो 20- प्वाइंट प्रोग्राम को लागू करवा रहे हैं उनके ऐडवर्टाइजमेंट डी० ए० वी० पी० की तरफ से बन्द हैं और जो बड़े बड़े मोनोपलिस्ट पेपर हैं उनको ऐडवर्टाइजमेंटस मिल रहे हैं। डेढ़ साल से पहले की बात है यह कैम्पेन चला, कौन पेपर आपके साथ था और कौन आज साथ है, यह भी देखना होगा।

यह जो पैम्फलेट्स वगैरह निकलते हैं ये रीजनल लैंग्वेजज में भी जाते हैं या नही ? पब्लिसिटी का यह हाल है कि आप के प्रोग्राम गांवों मे बहुत कम पहुंचते हैं क्यों कि स्टेट्स के पब्लिसिटी-डिपार्टमेंट पर डिपेंड करेंगे तो आपके मिनिस्टर जाएगे तो पब्लिसिटी डिपार्टमेंट जाएगा, अगर मिनिस्टर नही हैं तो कोई पब्लिसिटी वाला गांव मे नही जाता है। इसके लिये आप क्या करने जा रहे हैं ?

सबसे जरूरी बात यह है कि रेडियो के जरिये आप हर एक जगह, इंटीरियर मे भी जा सकते हैं। इसके लिये आल इंडिया रेडियो मैं कैसे लोगों को बुलाया जाय और इसके लिये और क्या किया जाय इस पर मैं समझता हू आप विचार करेंगे। टी० वी० आपने सस्ता किया यह अच्छी बात है। लेकिन रेडियो सस्ता करना चाहिये था, ट्रांजिस्टर सस्ता करना चाहिये था। जितना रेडियो सस्ता करेंगे, ट्रांजिस्टर सस्ता करेंगे उतना ही उनके जरिये आपका प्रोग्राम हर जगह पहुंचेगा। अखबारो के जरिये सब जगह नही पहुच सकता। वह तो कुछ सेलेक्टेड लोगो तक ही रहेगा।

इसी तरह न्यूजप्रिंट का मामला है। आपका नेपा न्यूजप्रिंट है, उसकी क्वालिटी अच्छी नही है। सब लोग उसकी कम्प्लेंट करते हैं। उसकी क्वालिटी अच्छी बनाने के लिये आप कुछ कर रहे है या नही ? मैं नहीं समझता कि हिन्दुस्तान में पेपर के लिये

[श्री प्रताप सिंह बौरा]

बाहर जाने की जरूरत है । हमारे पास रा मैटीरियल है, सब कुछ है, मिलें और लगा सकते हैं। बड़े बड़े पेपर वाले तो इम्पोर्ट कर सकते है । छोटे पेपर इम्पोर्ट नहीं कर सकते है । फैक्ट फाइंडिंग कमेटी एक आपने बनाई है। मेरा सुझाव है कि स्पेशल रिजर्वेशन फार स्माल ऐंड मीडियम न्यूज-पेपर्स आपको करना चाहिये । उनको सिर्फ 55 हजार टन की जरूरत है। वह आप कैसे पूरा करेंगे यह मैं जानना चाहता हू । बड़े बड़े पेपर वाले तो मंगवाते रहते है क्योंकि वे तो इतना मुनाफा कर लेते है लेकिन छोटे और रीजनल लैंग्वेज के जो पेपर हैं उनके लिये न्यूजप्रिंट का इंतजाम आपको जरूर करना चाहिये क्योंकि इंग्लिश पेपर तो 25 प्रतिशत हैं केवल, बाकी तो लैंग्वेज पेपर्स है ।

वर्किंग जर्नलिस्टस के मामले पर भी आप ध्यान दे । उनके लिये जो न्यूट्रलाइ-जेशन का फार्मूला है वह भी लागू नही किया है। महगाई 135 परसेंट बढ़ी है और उनके वेतन मे वृद्धि केवल 50 परसेंट की गई है । इसके ऊपर भी आपका ध्यान देना चाहिये ।

न्यूज ऐजेंसीज की बात पहले आई है । यह बड़ी अच्छी बात है कि अब आपने एक न्यूज ऐजेंसी कर दी है लेकिन अभी भी हम देख रहे हैं कि वे लोग जिनकी वजह से ये न्यूज ऐजेंसीज खराब हो गई थी, वे आर० एस० एस० और बैन्ड आर्गेनाइजेशन्स के लोग उसमे आ रहे हैं। मैं जानना चाहता हू कि उनकी स्क्रीनिंग आपने की है या नही। जिनके खिलाफ यहां हमने एक दफा कहा था, जो बैन्ड आर्गेनाइजेशन के लोग हैं वे इसमे आ रहे हैं । दूसरे, कुछ स्माल न्यूज एजेंसीज भी चल रही हैं, उनके बारे मे क्या आपकी पालिसी है वह भी आप बताये । यह समाचार एजेंसी जो आपने बनाई उनमे एम्प्लाईज को मैनेजमेंट में रिप्रेजेन्टेशन देने का क्या प्रोग्राम है ? मैं समझता हू यह भी आपको करना चाहिये ।

अब मैं सांग ऐंड ड्रामा डिवीजन पर आना चाहता हू । यह बहुत जरूरी है । यहा पर बहुत बडा सांग ऐंड ड्रामा डिवीजन है लेकिन आप इसकी यूनिट्स रीजीनल लैंग्वेजज मे कब तक बनायेंगे और उसकी शाखायें खोलेंगे-यह मैं जानना चाहता हू । स्टेटस मे जो सांग ऐंड ड्रामा डिवीजन्स हैं वह तो सिर्फ मिनिस्टर्स को एन्टरटेन करने के लिए ही हैं इसलिये अगर आप गावों तक प्रोग्राम पहुंचाना चाहते है तो उसके लिये जरूरी है कि हर लैंग्वेज मे इसकी यूनिटस् बनाये । साथ ही मैं कहना चाहता हू कि मुझको मालूम हुआ है, तीन साल पहले मैंने इसके जो इनचार्ज हैं कर्नल गुप्ते उनके खिलाफ चार्जेज लगाये थे लेकिन उनको आप एक्सटेंशन दे रहे है और जो डिप्टी डायरेक्टर हैं उनको सस्पेंड कर दिया गया है । उनके खिलाफ बड़े सीरियस चार्जेज लगे थे और मुझे यकीन दिलाया गया था कि इस सिलसिले मे कुछ किया जाएगा ।

इसके बाद मैं कहना चाहता हू कि हमारे अमृतसर टी० वी० मे पंजाबी प्रोग्राम देने शुरू कर दिये हैं लेकिन पंजाबी प्रोग्राम आप दिल्ली मे बना रहे हैं । एक आर्टिस्ट को इतनी दूर आने जाने मे तीन सौ रुपये लगते हैं और जो आपके डायरेक्टर हैं उनको एक साल मे एक हजार रुपया खर्च करने की पावर है । इस तरह से वे एक आर्टिस्ट आपको तीन दफा बुला सकते है । अगर वहा पर आप बनायेंगे तो आर्टिस्ट आपको सस्ते मिलेंगे । साथ ही डायरेक्टर की जो खर्च करने की पावर है वह भी बढ़ानी पड़ेगी, बढ़ाकर दो हजार करना चाहिये ।

टी० वी० को जो अलग किया गया है तो उसके जो मुलाजिम हैं उनके लिये आप क्या कर रहे हैं , इस सिलसिले मे कुछ पता नहीं है । पता नहीं है उनकी सर्विसेज का क्या

हो रहा है ? टी० बी० के कर्मचारी ज्यादा टैक्निकल और योग्य है। साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हू कि जालधर मे जो स्टेशन आपका बन रहा है उसमे जल्दी करनी चाहिये। आप कोई रैटेड बिल्डिंग ही ले लें और प्रोग्राम देना शुरू कर दें। इसमें कोई मुश्किल बात नही है।

इसी तरह से एक ओ० बी० वैन जो पंजाब के लिये थी वह वेस्ट बगाल चली गई। शायद पजाबके लोगो ने उनकी जरूरत नही समझी होगी लेकिन वहा पर पाकिस्तान के टी० बी० प्रोग्राम्स को काउटर करने के लिये उसकी बहुत जरूरत है। अमृतसर टी० बी० को ओ० बी० वैन प्रोवाइड करनी चाहिये।

तिरुनेलवेलि, तमिलनाडु मे एक स्टेशन है जो चार दिन हफ्ते मे काम करता है उसको भी बढाने का इन्तजाम करना चाहिये। इसी तरह से बम्बई मे एक चिल्ड्रेन सोसायटी है जिसके डायरेक्टर के खिलाफ चार्जेज लगाये गये हैं कि वहा पर जो मुलाजिम हैं उनको पेनलाइज किया जा रहा है—इसको भी देखना चाहिये।

इसी तरह से यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने कुछ जूनियर आफिसर्स को सेलेक्ट किया था लेकिन आपने डिपार्टमेंट मे आज तक उनको एप्वाइट नही किया है। उनका सेलेक्शन हो गया है, मैं समझता हू कि यू० पी० एस० सी० उनका सेलेक्शन करता है तो उनको भी पोस्ट देनी चाहिए। मैं उम्मीद करता हूं कि मिनिस्टर साहब इन सारी बातो पर गौर करेंगे।

श्री सी० के० गोतम (बालाघाट) : उपाध्यक्ष महोदय, पहले मैं आपको धन्यवाद देता हू कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। दूसरा धन्यवाद मत्रालय को है। मंत्री महोदय ने अपने मत्रालय मे बहुत प्रगति की है। जो पुराना तरीका था उसको बदला गया है। हमारा जो बीस सूत्री कार्य-क्रम है उसको हर तरह से और हर पहलू मे कार्यान्वित करता है। इस ख्याल से इस मत्रालय ने बहुत अच्छा काम किया है और हर बात मे, हर पहलू मे प्रगति की है। जो पुरानी रूढिया चल रही हैं थी, उनमे तब्दीली पैदा की है। हमारे यहा रेडियो और टेलिविजन को, यद्यपि टेलिविजन बहुत ज्यादा नही हैं, जो सफलता मिली है, उतकी सफलता शायद दूसरी स्टेट्स को नही मिली है। हमने देखा है—जब टेलिविजन पर हमारे नेता लोग आते हैं, खास कर हमारी प्रधान मत्री जी जब टेलिविजन पर आती हैं, जनता को सम्बोधित करती हैं, उसका बहुत बडा प्रभाव जनता पर पडता है, जनता उनकी बातो को बहुत ध्यान से सुनती है। जहा तक कि कुछ लोग तो ऐसा समझते हैं कि वे दुर्गा की साक्षात अवतार हैं और हमारे सामने साक्षात बोल रही है, हम को सम्बोधन कर रही हैं— इन बातो का जनता पर बातो का जनता पर बडा भारी असर पडता है।

यह ठीक है कि टेलिविजन हमारे यहां बहुत थोडा है, लेकिन रेडियो तो कोने-कोने मे फैला हुआ है, इसके जरिये सब समाचार गावो तक पहुचते हैं। आप यह जानते हैं कि हमारे देश की 70-75 आबादी गांवो मे ही रहती है, जब वे रेडियो सुनते हैं, खास कर खेती-बाडी के कार्यक्रमो को किस्से कहानी के रूप मे पेश किया जाता है, सवाल जवाब के रूप मे पेश किया जाता है, बीज कैसे होने चाहिये, उर्वरक कैसा होना चाहिये, कौन सी जमीन का किस प्रकार के बीज और उर्वरक की जरूरत है, जमीनों के बारे मे उनको जो जानकारी मिलती है—इससे उनको बहुत लाभ होता है, वे अपनी खेती-बाडी में उन बातो का प्रयोग करते हैं और लाभ उठाते है।

इसी तरह से परिवार नियोजन को लीजिये—पहले जब हम गांवो में जाकर बोलते थे, तो स्त्रियां अपना मुह ऊपर नहीं

[श्री सी० डी० गौतम]

उठाती थीं, यह कहा जाता था कि यह व्यक्ति अभद्र बात बोलता है। परिवार नियोजन की बात कहना उनके ख्याल में अभद्र बात थी, लेकिन आज हमारे रेडियो और टेलिविजन के प्रसारण के कारण अब ये बातें अभद्र नहीं समझी जातीं, महिलायें भी खुले-आम इसके बारे में बातें करती हैं, बल्कि आपरेशन के लिये तैयार होती हैं, आपरेशन करवाती हैं।

दहेज प्रथा के विरुद्ध जो प्रचार हमारे रेडियो और टेलिविजन से हुआ, उसका यह परिणाम निकला कि पहले जो बड़ी बड़ी रकमें लोग दहेज में लेते थे, आज कई युवक और युवतियां इस बात के लिये तैयार हो गये हैं, उन्होंने प्रतिज्ञा की है कि वे न दहेज लेंगे और न दहेज देंगे। इस प्रकार की भावना का समाज मे फैलना एक बहुत बड़ी बात है।

छुआ-छात के बारे में आप जानते हैं—हमारे देश में उसका एक बहुत बड़ा बढ़ंगा रूप था, लेकिन आज सब एक साथ बैठकर खाते हैं, यह समझ कर कि दूसरा व्यक्ति हरिजन है, अब उससे कोई भेदभाव नहीं किया जाता। शहरों में तो ऐसा पहले से ही था, लेकिन अब तो यह हमारे गांवों में हो गया है। जहां तक धर्म निर्पेक्षता का सवाल है—जनता इस बात को समझ गई है कि अगर किसी का कोई खास धर्म है और उसको वह मानना चाहता है तो अपने घर में माने। जहां तक राज्य का सवाल है—राज्य किसी भी धर्म को मान कर नही चलता, उसके लिये सब नागरिक समान हैं। तो इसके लिये मैं मंत्री जी को और उनके मंत्रालय को तथा अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं और मान्यवर, आपको भी धन्यवाद देता हूं।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : उपाध्यक्ष जी, सूचना और प्रसारण का एक बहुत बड़ा महकमा है, करोड़ों रुपया इस पर खर्च किया जाता है। यह प्रचार का साधन है, और प्रचार का साधन होना भी चाहिये। लेकिन अफसोस इस बात का है कि यह वन वे ट्रैफिक बन चुका है। बाहर से खबर आती है लेकिन अन्दर से नहीं जाती। हिन्दुस्तान के कितने ही पत्र और पत्रिकायें पढ़ने को मिलती हैं जिनमें अच्छी प्रचार की सामग्री होती है। लेकिन हमारे पार्लियामेंट की बात तो वही मिलेगी जैसे इधर से जाओ और उधर से मत आओ। तो वन वे ट्रैफिक का मतलब यही होता है।

आपने सबसे पहले अखिल भारतीय प्रस परिषद् पर काबू किया और अन्य भी जो प्रचार और प्रसार के साधन थे उन सबको अपने कब्जे में आपने ले लिया। उन को सरकारी साधन बना दिया और सरकारी साधन कई तरह से बनाया। यानी 20 सूत्री कार्यक्रम ही आप लें यह कार्यक्रम कई सालों से चलता आ रहा है और हिन्दुस्तान का कोई भी कोना ऐसा नहीं है जो किसी न किसी कार्य में व्यस्त न हो। लेकिन आज केवल तीन, चार प्रचार साधनों पर ही हमारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय चल रहा है। एक तो परिवार नियोजन का कार्यक्रम है, जब भी देखोगे यही चलेगा। दूसरा यह कि आज इतने डाकू पकड़ लिये, एम० आई० एस० ए० और डी० आई० आर० में गिरफ्तार कर लिये। छोड़ने का नाम नहीं। आज से तीन साल पहले भी पकड़े थे विदेशी मुद्रा और काले धन के सिलसिले में। कहने का मतलब यह कि यह सब ऐसा प्रचार है जिसका दुनिया में कोई सार नहीं है। इसी तरह से आप गांवों में सेटेलाइट द्वारा प्रचार कार्य कर रहे हैं। 6 राज्यों के अन्दर आपने 2400 टी० वी० से. लगाये हैं। लेकिन वह कौन से टाइम पर कृषि कार्य बतलाते हैं, कब संगीत करते हैं और कब खबर देते हैं, किसी ने जाकर कभी देखा भी भी [illegible] आपको कोटा की बात बताता

चाहता हू, बौम्बे रोड पर आप देखें, कौन से टाइम पर दिखाते हैं। अव्वल तो उन सैटों में आवाज ही नही आती है, केवल भन्नाटा आता है जैसे हवाई जहाज उडना है ऐसी आवाज आती है। तो ऐसे पैसे बरबाद करके और वह भी दूसरो की सहायता से प्रचार साधन बनाये जिसको कोई देखने वाला नही है, क्या फायदा है? आपको इस ओर देखना चाहिये कि समय क्या चुना गया है।

कृषि जगत कार्य साढे पाच और सात बजे के बीच होता है जिस वक्त को किसान खेत मे रहता है और उसकी औरत भी खेत में रहती है। आजकल गेहू के दिन है, फिर चावल के, उसके बाद बाजरा के, मक्का के दिन आ जायेंगे। सुनेगा कौन आपकी प्रोग्राम को? टी० वी० सैट खाली पडे रहेंगे। इसलिये समय के अनुसार परिवर्तन करना बहुत जरूरी है। सर्दियो के अन्दर साढे पाच बजे दिन अस्त हो जाता है, और गर्मियों मे साढे सात बजे और किसान घर पर तब आता है जब वह अपने खेत के काम से निपट जाता है। तब वह कही सुन सकता है। अभी यह होता है कि किसान जब अपने खेत मे होता है तब आप अपना प्रोग्राम बाजार मे बजाते हो। तो इसको कौन सुनेगा। इसलिये समय के अनुसार प्रोग्राम को बदला जाय। और समय बढाइये। कार्यक्रमों का ऐसा समय बनाइये जब कि किसान घर पर हो।

एक बात मैं और कहना चाहूगा। आज इतने सालों से कोटा क्षेत्र से रेडियो की माग हो रही है। वहा बिजली की कोई कमी नही है। परमाणु बिजली वगैरह भी बनी हुई है। हम बिजली गुजरात वगैरह दूसरे क्षेत्रों को दे रहे हैं लेकिन कोटा को रेडियो स्टेशन से नही मिलाया जा रहा है। उधर भोपाल मिलता हैं, जयपुर मिलता है, जयपुर से उदयपुर, जोधपुर मिलते है, बीकानेर मिलता है। कोटा ने ऐसा क्या बिगाड दिया कि अजमेर, कोटा, झालावाड नहीं मिल सकते? इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

एक बात मैं और कहूंगा। राजस्थान के संगीतज्ञ वहीं बूढ़े होकर मर जाते हैं, उनको दिल्ली मे लाकर उनके प्रोग्राम नहीं किये जाते। उनको बडी इच्छा होती है कि उनके आल इंडिया रेडियो पर प्रोग्राम हों। दिल्ली में ठेका तो सिफारिशियों ने ले रखा है। एक दफा गुजराल साहब ने यहां सदस्यों के लिये कुछ कव्वाल बुलवाये थे और उनका प्रोग्राम करवाया था। उनसे अच्छी कव्वालिया तो हम अजमेर में सुनते हैं। लेकिन ऐसे ऐसे सिफारिशियो को दिल्ली मे भर रखा है जिनको संगीत का कोई रियाज हो नही, तानपूरे का कोई रियाज हो नही जो खाली हारमोनियम की भन्नन बजाया करते है। उन्ही को साढे सात सौ रुपया मिल जाता है। आपने सिफारिशी टट्टुओं को भर रखा है। भर्ती करते समय उनको संगीत की परीक्षा लीजिये। हमारे राजस्थान मे अच्छे अच्छे संगीतज्ञ हैं। मुझे भी संगीत का ज्ञान है। मैं तो आपके लोगों को देखकर ताज्जुब मे रह जाता हूं।

आप ने छोटे पत्रों को विज्ञापन देना बंद कर दिया है। आपकी यह धौंस है कि जो आपके खिलाफ हो उसे मत दो। आपत्कालीन स्थिति का मतलब यह नही होता। आपत्कालीन स्थिति का मतलब यह होता है कि देश के अन्दर कोई गडबड पैदा न करे। इसके अन्तर्गत आप अपना काम कीजिए। यह नही कि मदरलैंड को बन्द कर दिया। उसने ऐसा कौन-सा कसूर किया था। आप उस पर सेंसर बिठा सकते थे। अगर पार्लियामेंट में अट शट हम बोलें तो उसको सेंसर बोर्ड देख सकता है। आप ने मदरलैंड को जिन्दगी भर के लिए, बंद कर दिया। एक दफा हम ने मिनिस्टर साहब से पूछा तो उन्होंने कहा कि

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

आपको इससे क्या लेना देना है। आप तो पब्लिक से चुन कर आये हो, आप पार्लियामेंट में बात करो। सरकार हमारी है। हमें मंजूर होगा तो हम रेडियो में भी देंगे, पेपर में भी देंगे। यह सेंसर बोर्ड का काम नहीं है। आप ने बड़े-बड़े पत्रों को भी डांट दिया। सेंसर बोर्ड को तो इतना चाहिए कि जो देश के विपरीत काम करे, देश के विपरीत बोले उसे बंद करो। अगर देश के विपरीत कोई काम करता है तो आपके पास पुलिस है, वह उसे अरेस्ट कर सकती है। यह सेंसर का काम तो नहीं है कि आजादी को खत्म कर दिया। आजादी को खत्म करने से देश का काम तो चलने वाला नहीं है। अगर हम देश के खिलाफ काम करें, बीस सूत्री कार्यक्रम के खिलाफ काम करें तो आपके पास पुलिस बैठी है, वह हमें पकड़े। सूचना और प्रसारण का तो यह काम नहीं है कि हमारे खिलाफ आवाज उठाये। रात दिन रेडियो प्रचार करता रहता है कि हम जनसंघ के टूटी गये और कांग्रेस में मिल गये। उन्हें मिलने को कांग्रेस ही मिली है। जो दूसरी जगह जाते हैं, दूसरी जगह भर्ती होते हैं उनके बारे में भी तो रेडियो कहे। रेडियो एक झूठ का प्रोपेगण्डा बन गया है। यह अच्छा नहीं है। इसलिए मेरा निवेदन है कि सूचना और प्रसारण का काम देश सेवा है, व्यक्तिगत सेवा नहीं है। जितना भी प्रोग्राम हम देखते हैं वह सारा का सारा व्यक्तिगत होता है।

गन्दे साहित्य की बात लीजिये। आप किसी भी स्टाल पर जाकर देख लीजिए, 95 परसेंट साहित्य में औरतों के गाल चूमते हुए आप देखेंगे। 95 परसेंट साहित्य औरतों के फोटो से भरा होगा। वे जो चित्र होते हैं वे बहुत ही भद्दे होते हैं, बुरे होते हैं। आपका यह भी काम है कि आप बाहर जा कर इस तरह की चीजों को भी देखें और इन पर रोक लगायें।

विदेशों में रेडियो और टी० वी० से लोगों को शिक्षित करने का काम किया जाता है। यहां पर टी० वी० पर आपको ऐसे ऐसे प्रोग्राम देने चाहियें कि बच्चों का भविष्य बन सके, काम धंधों के प्रति उनकी रुचि जागृत हो सके, काम धंधे वे सीख सकें, इंजीनियर आदि बनने में सहायता उनको मिल सके। इस तरह के प्रोग्राम देना तो दूर रहा आप ऐसे ऐसे फोटो देते हैं, ऐसे ऐसे चित्र दिखाते हैं कि उनका बुरा असर बच्चों पर पड़ता है।

जो कैमरामैन हैं वे अभी तक डेली बेसिस पर चल रहे है। उनको परमानेंट नहीं किया जा रहा है। इस चीज को आप देखें। कब तक यह ठेके वाला काम चलेगा। उनको आप परमानेंट करें।

मैं चाहता हूं कि कोटा को आप से मिलाए। गंदा जो साहित्य है, उसको आप बन्द करें। मदरलैंड पर जो आपने प्रतिबन्ध लगाया है, उसके खिलाफ जो आपने कार्रवाई कर रखी है, उसको आप हटाए और उसे चालू होने दें।

श्री हरी सिंह (खुर्जा) : [सदन में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुदानों पर चर्चा चल रही है। मुझे इस मंत्रालय की मांगों का समर्थन ही नहीं बल्कि प्रशंसा करने को मजबूर होना पड़ रहा है वह इस वास्ते कि इस विभाग ने ऐसे कार्य किए हैं जिन से देश के नव निर्माण की जो प्रवृत्तियां चल रही हैं, जो प्रवृत्तियां देश को ऊंचा उठाने की चल रही हैं उसकी सही तसवीर इसने जनता के सामने रखी है। इस मंत्रालय ने प्रेस के सम्बन्ध में जो नये कानून बनाये हैं उनकी भी आवश्यकता निर्विवाद थी। सारी न्यूज एजेन्सियों को समाप्त करके एक न्यूज एजेन्सी बनाई है वह भी उचित है। फ्रांसिस बीकन ने प्रतिष्ठित आदमी के बारे में कहा है कि वह तीन तरह का नौकर होता है। "

"servant of the Sovereign State, Servant of fame, Servant of busi-

आज के वक्त में अगर वह होते तो वह यह भी कहते कि समाज का जो प्रतिष्ठित आदमी है उसको प्रेस का भी नौकर होना चाहिए। मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि अगर प्रेस वाले अपने पर उतर आयें तो हर भले आदमी की इज्जत बिगाड़ कर रख देते हैं। अपनी इज्जत बचाने के लिए उसकी इन अखबार वालों की बहुत खुशामद दरामद करनी पड़ती है। भले आदमी को जब अखबार वालों द्वारा ब्लैक मेलिंग किया जाता है तो आख मूद कर चुप रह जाना पड़ता है। बड़े गन्दे तसवीर लोगो के सामने ये अखबार वाले पैसा ऐंठने के लिए पेश कर देते हैं। थाने में ये लोग चले जाते हैं और किसी इनईम्पाटेंट आदमी से कोई रिपोर्ट लिखा देते हैं। उसको छापने की धमकी देते है। यदि पैसा नही मिला तो यह पत्रकारगण उस रिपोर्ट को ज्यो की त्यो छाप देते है। इनवैस्टीगेट तक करने की कोशिश नही करते हैं। असल मे तो जब पुलिस इनवैस्टीगेशन कर लेती है तभी सच्ची बात का पता चलता है कि आया उस व्यक्ति ने डाका डाला है, कोई जुर्म किया है, किसी का चरित्र हनन किया है। इस तरह के समाचारो मे ससद् सदस्यो के परिवार वालो तक को नही बख्शा जाता है। लिख दिया जाता है कि फलां सदस्य के परिवार के लोग भी इनमे शामिल बताये जाते हैं। इस तरह से उनकी सारी परसनैलिटी को ये डैमेज कर देते हैं। इस वास्ते मैं समझता हू कि चरित्र हनन के विरुद्ध जो नये कानून बनाये हैं, वे बहुत जरूरी थे। दिल्ली मे जो संवाददाता हैं, पत्रकार हैं, उनके एजुकेशन का स्तर, उनके मारेल्ज तो काफी ऊंचे हैं, अच्छे पढ़े लिखे वे हैं लेकिन जिला लेवेल पर जो बड़े अखबारो के लोग हैं उनमे ऐसे भी हैं जिनको एम्बैजलमेंट करने के कारण नौकरी से निकाला जा चुका है, जिन को सजाए तक हो चुकी हैं और वे एजेंसियों के संवाददाता तक बने बैठे हैं। दिल्ली मे तो इन संवाददाताओ की तनख्वाह हजार बारह सौ होती होगी लेकिन जिलो मे इनकी आमदनी के हिसाब होती है। पाच हजार रुपये तक भी ये कमा लेते हैं। मुकदमो मे इनका दखल रहता है, अफसर लोग इनको चिलमे भरते हैं, सारे अधिकारीगण इनकी खुशामदें करते हैं, मत्री लोग भी इन अखबार वालो के हाथ मे थे। शुक्ल जी ने जो नियम बनाये हैं, कानून को बदला है यह वाकई मे हिन्दुस्तान के नागरिको की इज्जत बचाने के लिए बहुत आवश्यक था। प्रेस सम्बन्धी नये कानूनो ने गैरजिम्मेदार पत्रकारो पर एक अकुश लगा दिया है।

हम तो स्वय जानते हैं। हमारे यहां दो-तीन पत्रकार हैं। हम देखते हैं इनके जिले मे कुछ खास आदमी हैं उनका ही प्रेस मे नाम भेजा जाता है। दूसरा कोई कितना भी बड़ा काम कर ले, हजारो की भीड इकट्ठी कर दी जाय तो भी अखबारो मे नाम नही आता है। दूसरी तरफ जो लोग उन पत्रकारो की गुड-बुक्स मे हैं, वह कुछ भी काम न करे, उनकी तस्वीरे छप जाती हैं, फोटो छप जाते हैं और उनका नाम छप जाता है। सारे भारत मे उनका चर्चा हो जाता है। तो ये पत्रकार देवता को शैतान और शैतान को देवता बना देते थे। इस मत्रालय ने जो स्वस्थ पत्रकारिता के लिये जो यह काम किया है, वह प्रशसनीय है, वह उचित है। मैं मत्री महोदय का किन शब्दो मे धन्यवाद करू, मेरे पास शब्द नही हैं उनके इस कार्य के लिये।

आप जानते हैं कि अखबार वालो के बारे मे नेपोलियन ने क्या कहा था—

"I can face six bulletmen but I cannot face one single newspaper-man."

जो बात नेपोलियन ने कही थी वह सच थी, और उसका असली रूप यहा दिखाई पड़ता था। आप जानते हैं कि हमारे देश मे विदेशी ताकतो ने अखबार वालो मे से कुछ अखबार वालो को अपनी जेब मे ले लिया था। ये लोग न्यूज और समाचारो की तोड़मरोड़ कर हिन्दुस्तान की तस्वीर को इतनी बुरी तरह

[श्री हरी सिंह]

से पेश करते थे कि मालूम पड़ता था कि जिन लोगों को जनता ने चुना है, जिन्हें जनता ने शक्ति दी है, जो मेहनत करके देश का नक्शा बना रहे हैं, नई बुनियाद डाल रहे हैं भावी हिन्दुस्तान की, उनकी तस्वीर अखबारों में इस तरह देते थे कि जैसे वे लोग दुनिया में सबसे खराब हैं, उन्हें देश व जनता से कोई प्रेम नहीं हैं। जो चौबीसों घंटे देश को उन्नत बनाने मे मेहनत करते थे उनके बारे में वे पत्रकार लोग अपने एक कालम में 2 पैसे की स्याही से उन्हें सबसे बुरा आदमी बनाकर पेश करते थे। मैं कहना चाहता हूं कि प्रेस को ठीक ढंग से चलाने के लिये सरकार ने जो कदम उठाया है, यह बहुत ही प्रशंसनीय है और इसकी आवश्यकता थी चूंकि स्वतंत्रता को, लिबर्टी को लाइसेंस नहीं बनाना चाहिए। बाईबल में कहा है—

"In the name of liberty, there should be no crime."

प्रेस वाले और अपोजिशन के लोग प्रेस की लिबर्टी के बारे मे चिल्लाते है लेकिन लिबर्टी का सहारा लेकर प्रेस वालों ने देश में एक विषाक्त वातावरण बना दिया था, बहुत से लोगों को अनाथ बना दिया। पुलिस वालों से दोस्ती, अखबार वाले नाराज हो गये तो जो चाहे कर देते हैं। अखबार वालों को सरकार ने इतनी बड़ी ताकत दे दी थी। उसका प्रयोग उन्होंने देश के खिलाफ प्रचार करने में किया। 25 साल तक हम ने देखा कि अखबार वालों ने उसका मिसयूज किया है। सैंसरशिप जिलों से निकलने वाले अखबारों पर पूरी तरह से कारगर नहीं हो रही है। वे अब भी अपनी पुरानी चाल चल रहे हैं। अतः सैंसरशिप उन पर भी सख्ती के साथ लगाना चाहिए।

जिले के लेवल पर आप देखिये, जिसको कुछ मालूम नहीं, जिसके पास कोई पैसा नहीं, हाई स्कूल तक पढा नहीं और वह दो पन्ने का एक अखबार निकालने लगा तो वह एकदम बहुत बड़ा आदमी बन गया। एम०एल०ए०, एम०पी०, कलैक्टर और सभी अफसर उससे डरते हैं क्योंकि उनको डर होता था कि उनकी मिट्टी पिट जायेगी यदि उस अखबार वाले ने उनके खिलाफ कुछ निकालदिया। तो जो स्वतंत्रता मिली थी, उसका मिसयूज इन्होंने किया। जो लिबर्टी इनको दी गई थी, जो हाई स्टैंडर्ड इनको रखना चाहिए था वह इनअखबार वालों ने नहीं रखा और आज वह अपनी करनी की फिर कर रहे हैं। इसलिए सरकार को नये अंकुश लगाने पड़े। जैसा इन्होंने किया है, वह इनको भोगना चाहिए। आज किसी का अकारण ही चरित्र हनन करने की उन्हें छूट नहीं दी जा सकती है।

हम सन् 1946 से बराबर काम करते चले आ रहे हैं। बड़े-बड़े सम्मेलन आर्गेनाइज किये, यूथ सम्मेलन किये लेकिन इन्होंने कभी उनको पब्लिसिटी नही दी और जो इनके दोस्त रहे हैं, अगर वह दो मिनट के लिये किसी सम्मेलन में भी चले गये तो उनके लिये पूरे कालम के कालम चले आ रहे हैं छपकर।

मंत्रालय ने जो एक बड़ा कदम उठाया है, सैंसरशिप के नये कानून बनाये हैं, इनके लिये मैं दिल से अपने मंत्रालय का आभार प्रकट करता हूं।

हमारे इस मंत्रालय ने अपने टेलीविजन और रेडियो के जरिये जो किसानों का प्रोग्राम रखा है, युवः-वाणी शुरू की है, इससे एक नई भावना लोगों में आ रही है, नई योजनाएं और जानकारी लोग प्राप्त कर रहे हैं। खेती का प्रोग्राम जो किसानों के लिये आता है, उससे इन्सैक्टीसाइड्स, बीज और खेती में तरक्की के बारे में जानकारी दी जाती है। देहात के लोग बड़ी दिलचस्पी से उसको सुनते हैं। जो लोग यह समझते हैं कि किसानों को दिलचस्पी नहीं है, आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि हमको पता नहीं लगता है कि इस पार्लियामेंट में क्या कार्यवाही हुई है लेकिन

गांव का साधारण किसान बता देता है कि आपकी पार्लियामेंट मे यह हुआ है।

इस मौके पर मैं एक बात और कहना चाहता हू। महिलाए हमारी प्रतिष्ठा, इज्जत और आदर की पात्र हैं। लेकिन आज जो पब्लिसिटी की जाती है, उसमे स्त्रियो की नगी तस्वीर दी जाती है, चाहे जूते की दुकान का प्रचार हो, बर्तन, दवाई और चाहे लोहे के सामान का प्रचार हो, किसी काम का प्रचार हो हर जगह स्त्रियो को प्रचार का माध्यम बनाया जाता है। इस पर भी रोक लगाई जानी चाहिए। इस मत्रालय के पब्लिकेशन ने सारे देश मे बहुत अच्छी पुस्तके बच्चो और बडो के लिये छापकर सस्ते दाम पर बिकवाकर अपने देश के इतिहास से बडी जानकारी उपलब्ध कराई है।

मुझे इस बात की खुशी है कि इस मत्रालय की रिपोर्ट मे कहा गया है कि अश्लील प्रकाशनो और फिल्मो मे दिखाई जाने वाली नग्नता तथा सैक्स की भावनाओ को उभाडने की प्रवृत्तियो को कर्ब किया जा रहा है। मैं चाहता हू कि इस दिशा मे ज्यादा मजबूती और तेजी के साथ काम किया जाये। हम देखते हैं कि आज केवल सैक्स और फाइटिंग सम्बन्धी फिल्मे चलती है, जब कि दूसरी फिल्मे नही चल पाती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हमारी फिल्मे सस्कृति, सभ्यता और मनोविज्ञान आदि विषयो पर आधारित हों। इस समय फिल्मो मे जो पश्चिमीकरण के दृश्य और संवाद आदि पाये जाते है, उनको कर्ब करना चाहिए। कई फिल्मो ने हमारे नौजवानो पर ऐसा असर डाला है कि उन्होने डाके डाले हैं, बैंक लूटे हैं और छुरे तथा पिस्तौल चलाये हैं। ऐसे चलचित्रो के बनने पर अकुश लगाया जाना चाहिए।

इन अलफाज के साथ मैं इस मत्रालय को बधाई देते हुए उसकी मागो का समर्थन करता हूं।

SHRI C. T. DHANDAPANI (Dharapuram): Mr. Deputy-Speaker, Sir, following the declaration of Emergency, a new meaning is given to the democratic principles in this country. On the basis of that, many dailies and weeklies belonging to the Opposition parties have been banned in this country Even the historical facts are not being allowed to be published in the newspapers Poems and songs for promoting world culture are also stopped from publication in the papers Enactment of dramas is also not allowed in any part of this country. Things that are allowed in the newspapers are those which are supporting the Government and their policies, which are accusing, in a very bad manner, all the opposition parties alone It has been said much about Samachar organisation The news agencies have been brought under one organisation Before this came into being, there were four news agencies. I want to ask a specific question from the Ministry Whether after the formation of Samachar, the sale of newspapers has increased or reduced? As far as my knowledge goes, the sale of newspapers is considerably reduced because different types of news from various parts of the world have not been published now in the papers. Only one type of news is published in all the papers So, the public have no interest in reading newspapers Previously they used to buy 5, 6 or 8 newspapers to read news of various parts of the world Now, they buy only one paper so that they will have the satisfaction of reading 80 or 100 papers This is the position The Minister, though he is not present here at the moment, is a competent man. But at the same time, I would say that he is more competent and suitable for political work than for a Department like this He is giving more time only to those who accuse the Opposition parties through the media of A I R and TV That is why many things have happened without his knowledge. I want to mention here an instance about the irrational decision taken by the Ministry in regard to the surrendering of the Southern Regional Engineering Office to TV (India) which

[Shri C. T. Dhandapani]

has been established in Delhi. In 1968, the Ministry had established four Regional Engineering Offices, namely, Western Region (Bombay), Eastern Region (Calcutta), Northern Region (Delhi) and Southern Region (Madras). The Southern Regional Engineering Office at Madras represented the States of Andhra Pradesh, Kerala, Karnataka, Tamil Nadu, Pondicherry and the Andaman Islands. The functions of the Regional Engineering Office are to instal new broadcasting stations, undertaking technical supervision and maintenance of broadcasting stations. The Southern Region has commissioned 8 projects so far. 2 more are to be completed. 14 projects are yet to be taken up in the fourth and fifth plans. The regional office at Madras is directly supervising 23 stations in the region. There are 200 members of the staff in the regional office at Madras of which 132 are Class III and IV staff. The government took the decision to separate TV from AIR. Proposals were sent to the ministry to wind up any one of the four regional offices at Delhi, Calcutta, Bombay and Madras It seems a final decision has been taken by the ministry to wind up the southern regional office and send all those employees to Delhi. The simple reason why they chose to wind up the Madras office is that we in South India do not resist any decision taken by the Centre If we resist it, we will be branded with some other name. Instead of surrendering the southern region and sending all those employees to Delhi; they can make use of the staff in the regional engineering office, AIR, New Delhi, so that no staff member will be affected. Delhi office is already handling TV projects which are to come up and such a wise step would enable smooth transformation. The future TV projects except two are to be installed around Delhi only. In that case, it would be easier for them If you cannot utilise the services of the Delhi office staff, they could be chosen from the four existing regional offices, and by pooling them for forming a regional office for TV in Delhi, instead of winding up the southern office and taking all the members of the staff from Madras to Delhi. In that case, none of the existing offices need be abolished.

There is a sound project with headquarters in Delhi, which can conveniently be entrusted to TV India in Delhi.

